**मीरजापुर पुलिस**
**प्रेस नोट**

दिनांकः 14.08.2022

**साइकिल चोरी करने वाले गैंग का खुलासा, 03 अभियुक्त गिरफ्तार 10 अदद चोरी की साइकिल बरामद —**

थाना को0शहर, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 13.08.2022 को वादी नसीम खां पुत्र मो0यार खां निवासी नई बस्ती हथिया फाटक शिवाला थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा रमईपट्टी स्थित सहारा बैंक के पास खड़ी साइकिल चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0शहर पर मु0अ0सं0-113/2022 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा साइकिल चोरी करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा चोरी की साइकिलों की बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0शहर को निर्देश दिये गये थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 14.08.2022 को उ0नि0 अनिल कुमार चौकी प्रभारी कचहरी मय पुलिस बल द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों से साइकिलों की चोरी करने वाले 03 अभियुक्त 1-बेचू सिंह पुतर स्व0 कल्लू सिंह, 2-शिवशंकर पुत्र रामखेलावन, 3-राधेश्याम पुत्र छोटेलाल को थाना को0शहर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जिनसे चोरी की 10 अदद साइकिल बरामद की गई।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि वे आपस में मिलकर मीरजापुर शहर से साइकिलो की चोरी कर ग्राहक मिलने पर बेचते है तथा जो साइकिले नहीं बिक पाती है उन्हें अपने कबाड़ की दुकान में छिपाकर रख देते है तथा ग्राहक तलाश कर साइकिलो की बिक्री करते है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण** —

1- बेचू सिंह पुत्र स्व0 कल्लू सिंह निवासी निगतपुर थाना कछवां जनपद मीरजापुर।
2- शिवशंकर पुत्र रामखेलावन निवासी महगीपुर थाना चील्ह जनपद मीरजापुर।
3- राधेश्याम पुत्र छोटेलाल निवासी अनिरूद्धपुर थाना चील्ह जनपद मीरजापुर।

**पंजीकृत अभियोग—**

मु0अ0सं0-113/2022 धारा 379,411,413,414 भादवि थाना को0शहर जनपद मीरजापुर।

**विवरण बरामदगी—**

चोरी की 10 अदद साइकिल।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—**

उ0नि0 अनिल कुमार चौकी प्रभारी कचहरी थाना को0शहर मय टीम।